वे सदा सर्वदा कार्यरत व परिश्रमी थे। दोनों के लिए किसी भी समय थोड़ी-सी चाय मिलना अमृत-तुल्य थी। मानसिक व शारीरिक थकान के कारण वे दोनों लेटना चाहते थे - नींद करना चाहते थे। वे दोनों मोटर गाड़ी, रेल्वे, बस, ट्रेन, हवाई-जहाज़ कहीं भी नींद कर लेते थे, थकान मिटा सकते थे - कुछ मिनिटों के लिए दोनों महानुभावों को पुस्तक पढ़ने का बेहद शौक था। केवलजी के लिए यह शौक आजीविका का भी साधन था। हशूजी के लिए यह शौक तथा जरुरत थी। उन दोनों के मस्तिष्क चुस्त-दुरुस्त थे। किसी भी बात को तुरंत परख लेते थे। वे दोनों हाजिर जवाबी भी थे। उन्हें किसी भी उलझन भरी समस्याओं को समझने में तथा तत्संबंधी सुझाव देने में देरी नहीं लगती थी।

माननीय हशुजी की तबीयत ठीक नहीं रहती थी। अंतिम बीमारी के समय वे हॉस्पिटल में दाखिल थे। उनका एक-एक अव्यव (अंग) बद से बदतर होता गया। वे तकरीबन १० सप्ताहों तक हॉस्पिटल में ही रहे। लगातार १५ दिन वे बेहोशी (comma) की परिस्थिति में रहे। हमें प्रतीत हो रहा था कि वे हमें छोड़कर इहलोक से परलोक जानेवाले हैं।

माननीय केवलजी कभी-कभार बीमार हुआ करते थे। वे आखिरी दम तक हुष्ट-पुष्ट रहे। वे मुश्किल से कभी-कभी बीमार पडते थे। उनकी मृत्यु ने तो कई लोगों को सदमे में डाल दिया। मानो उनपर बिजली-सी कौंध पडी हो। सिंधी-समाजने अपना असली हीरा गंवा दिया। वह सोमवार का दिन था। दीपावली की चंद्रमा का दिन। इसी पवित्र पर्वपर शाम को साढे-पांच बजे मेरे घर में टेलीफोन से समाचार मिला कि माननीय केवलजी को पाण्डेचरी के अस्पातल में दाखिल किया गया हैं। समाचार मिलते ही टेलीफोनों का सिलसिला जारी हो गया। उनके बच्चों से टेलीफोन पर गुफ्तगू हुई। वे भी पाण्डेचरी जा रहे थे। उसी शाम साढे-सात बजे दूरदर्शन पर उनके स्वर्गवास के समाचार आने लगे। एक

शमा बुझ-गई-एक दीपक की लौ समाप्त हुई। उनके बच्चे आधी-रात के बाद पाण्डेचरी पहुँचे। उनका बेजान जिस्म अस्पताल में पड़ा हुआ था। डॉक्टरों ने बहुत से यत्न-प्रयत्न किए थे लेकिन सब व्यर्थ दिल का दौरा काफी गंभीर था। मैंने शनिवार २५ अक्तूबर के दिन केवलजी से उनकी तबीयत के बारे में पूछा था। उन्होंने कहा था कि गुरुवार के दिन उन्हें उलटी आई थी। जाँच-पड़ताल के बाद सबकुछ ठीक-ठाक पाया गया। सेहत सलामत थी। अन्य-कार्यक्रमों के बारे में भी विचार-विनिमय हुआ था। लेकिन होनी को कौन टाल सकता है? उनके सुपुत्र भी बैंगलोर से पॉण्डेचरी उनसे मिलने के लिए दीपावली के दिन आए थे। तथा मिलकर रविवार के दिन वापस अपने घर लौट गए। उन्हें क्या मालूम कि उनकी किस्मत में पुनः दूसरे दिन पॉण्डेचरी आना ही था।

मैं वहाँ दूसरे दिन प्रातःकाल हवाई-मार्ग के द्वारा पहुँच गया। मेरे साथ मेरा सपूत राम व मेरे मित्र लधाराम थे। वहाँ गंभीर मातम से भरा हुआ गंभीर माहोल था। स्वर्गवासी केवलजी के चिरंजीव रो-रोकर मेरे गले लगे। स्वर्गीय श्री केवलजी की छोटी-सी बीमारी व उनके आकस्मिक निधन के संक्षिप्त समाचार उनके सेक्रेटरी तथा अन्य उपस्थित जनों से मिले। उषा मेहता ने हमसे कहा "You gave us a noble person, but we could not keep him" वे पहले ऐसे गर्व्हनर थे, जो पदासीन गर्व्हनर के रुप में स्वर्गवासी हुए। धीरे-धीरे तमिलनाडु के गर्व्हनर, मुख्य न्यायाधीश, फौजी-अधिकारी तथा साधारण जनता के लोग दर्शन के लिए आए थे।

वस्तुतः स्वर्गवासी श्री केवलजी अवाम् के गर्व्हनर थे। वे दुकानों पर जाकर वस्तुओं की गुण (quality) संबंधी जाँच-पड़ताल करते थे। वे मुहलों में जल-निकास हेतु लगाए गए गट्टर-व्यवस्था की दशा, दुर्दशा देखते थे तथा सुधार हेतु निर्देश देते थे। वे शहर की स्वच्छता, जल-पूर्ति तथा विद्युत-आपूर्ति पर चिंता व्यक्त करते थे। तथा उसे जन-हित हेतु सक्षम बनाने के उचित निर्देश भी देते थे। जगहों के रंग व मरम्मत पर भी उचित ध्यान देकर आम जनता के काम करवा लेते थे। इसलिए वे अवाम् अर्थात् सामान्य जनता में बहुत प्रिय थे। आम-जनता दिलो-जान से उन्हें चाहती थी। उनके राज्य में सस्ते दामों पर चीजें उपलब्ध थी। टैक्स-कम थी चीजें अच्छी व सस्ती थी। महाविद्यालयों में प्रवेश नियमानुसार था। वे स्वयं अनुशासित रहे। वे प्रतिदिन अपने कार्यालय में मुकर्र (निश्चित) समय पर आते थे। बैठते थे। कार्यालयीन काम करते थे। वे समय के पाबंद थे। उन्होंने पॉण्डेचरी, तमिलनाडु तथा अन्य स्थानों पर मनाए गए कई उत्सवों में सक्रिय हिस्सा लिया। चेन्नई से के.आर. मोतीलाल तथा सिंधी-संस्थान के अध्यक्षजी भी शोक व्यक्त करने आए हुए थे। तमिलनाडु तथा आसपास के अन्य राज्यों में स्थित सिंधी-संस्थाओं का उनसे घनिष्ट संबंध थे। वे इन संस्थाओं में मनाए जानेवाले कई उत्सवों में शामिल होते थे। वे सिंधी-संस्था चलानेवालों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ भी करते थे तथा समाधान ढूंढने में भी मदद करते थे।

उसी दिन दुपहर दो बजे के आस-पास माननीय उपप्रधान-मंत्रीजी श्री लालकृष्ण आडवाणीजी तथा आर.एस.एस के सरसंघचालक परमपूज्य माननीय श्री सुदर्शनजी भी आ पहुँचे। स्वर्गवासी श्री केवलजी के पार्थव शरीर को श्मशान घाट पहुँचाने की तैयारियाँ शीघ्र गति से हो रही थी। चेन्नई से आए हुए ब्राह्मणोंने अपनी पूजन-विधि की समाप्ति की उपस्थित सज्जन, दर्शन कर, हाथ जोड़कर वापस चले गए।

पार्थिव-शरीर को अपना-अपना कंधा देने के लिए चार व्यक्तियों में से, दो केवलजी के सुपुत्र, एक भतीजा तथा एक राम थे। राम-नाम की धुनी के साथ पार्थिव-शरीर को सज्जाकर गन-कैरेज (फौजी-वाहन) पर रखा गया था। हज़ारों प्रेक्षकों के साथ, फौजी तथा पुलिस सलामी व मार्चिंग के साथ लगभग शाम ४.०० बजे हम सब श्मशान-भूमि पहुँचे।

इस दरम्यिान दो घंटो तक, उनके घर के सदस्य, आदरणीय लालकृष्ण आडवाणीजी, सन्माननीय श्री सुदर्शनजी और मैं राज-निवास से उनका सामान, कपड़े, पुस्तकें इत्यादि बाहर निकालने हेतु विचार-विनिमय करने लगे। हमारे सिंधी-समाज में तीसरे दिन स्वर्गवासी की पगड़ी-रस्म (मार्का-चाइथे) अदायगी की जाती है। इस बातपर थोड़ासा वाद-विवाद होने के पश्चात यह निर्णय किया गया कि दिनांक ३१ शामको यह रस्म अदायगी उनके दिल्ली स्थित निवास-स्थान पर मनायी जाएगी। स्वर्गीय श्री केवलजी के सपूत तथा अन्य पारिवारिक सदस्य दिनांक ३१ की सुबह चेन्नई से दिल्ली पहुँच जाएँगे। हम सब श्मशान-भूमि में आखिरी क्रियाकर्म हेतु शाम ४.३० बजे पहुँचे। पंडितोंने श्लोक-वाचन किया तथा आखरी फौजी सलामी दी गई। उपस्थित सज्जन भी हाथ जोड़कर, चरण-स्पर्श कर वापस जाने लगे। मैंने स्वर्गवासी के सिर और मुँह पर प्रेम भरा हाथ घुमाकर प्यारी-सी अलविदा कही। फौजी सलामी के बाद मृत-शरीर का अग्निदाह किया गया। शाम साढे पांच बजे हरि ॐ तत्-सत अर्थात सब कुछ समाप्त हो गया। स्वर्गीय श्री केवलजी का पार्थिव शरीर वातावरण में समा गया-जैसा था वैसा न रहा। अब उन महानुभाव का पुनः दर्शन नहीं होगा। आदरणीय लालकृष्ण आडवाणीजी तथा सुदर्शनजी भी अपनी-अपनी मंज़िलों की तरफ चले गए। बाकी बचे हम सब राज-निवास में लौट आए। सब उदास थे। सबके मनपर सूनापन छाया हुआ था। किसी को कुछ भी सूझता नहीं था। उदासी का आलम छाया हुआ था। उदास मन से सभी ने स्नान किया। गाय-माता को रोटी खिलाने के बाद हमने चाय की प्याली पी। कुछ समय के बाद रात्रि-भोजन कर सब अपने-अपने कमरों में सोने के लिए गए। कुछ लोग आपस में बातचीत भी करने लगे। राम और विक्रम भविष्य के बारे में बातचीत करने बैठे।

दिनांक ३० अक्तूबर को महाराज और सपूत श्मशान-भूमि में जाकर मृत-शरीर की भस्म एवं हड्डियाँ तीन अलग-अलग डिब्बों में लेकर आए। एक पाँण्डेचरी में जल-प्रवाह करने के लिए। हरिद्वार में जल-प्रवाह करने के लिए एवं लद्दाख में सिंधू-नदी में जल-प्रवाह करने के लिए। पाँण्डेचरी में उसी दिन सरकारी-अफसरों तथा मंत्रियों व अवाम् जनता की

उपस्थिति में मलकाणीजी अमर रहे नारों के साथ उनकी हड्डियाँ जल-प्रवाहित की गई। संपूर्ण दिन चिन्मय मिशन के लोगों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से शांतिमय आध्यात्मिक वातावरण बनाये रखा।

३१ अक्तूबर के दिन संपूर्ण परिवार-जन दिल्ली की तरफ रवाने हुए। वहाँ आदरणीय लालकृष्ण आडवाणीजी ने पगिड़ी-रस्म का पूरा बंदोबस्त किया था। वहाँ भजन-कीर्तन भी हुआ। धार्मिक-विधि भी हुई। प्रधानमंत्री माननीय अटलबिहारी वाजपेयीजी, उपप्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणीजी तथा अन्य मंत्रीगण तथा नेतागण उपस्थित थे। आम-जनता का प्रवाह भी आवागमन कर रहा था। सभी परिवारजनों को सांत्वना देने आ जा रहे थे।

स्व. श्री केवलजी जब कभी मुंबई आते थे या दिल्ली में मिलते थे तो मुझे और कांताजी को पाण्डेचरी आने का आमंत्रण अवश्य देते थे। हम भी उन्हें विश्वास दिलाते रहते थे कि एक दिन अवश्य आएँगे। डेढ़-साल पूर्व जब वे गवर्नर पदपर आसीन हुए थे। उनके सुख में हम भी सुखी व तृप्त थे। जिस कमरे में डेढ़ साल पूर्व हम सोए थे व सुखी थे आज भी वही कमरा सोने के लिए हमें मिला, लेकिन वातावरण उदासी व दुःख का था। उनके पारिवारिक दुःख में भी शामिल थे। मैं प्रभु-परमात्मा की इस अजीबो-गरीब घटना पर आश्चर्यचकित था। इसी कमरे में किसी दिन खुशी और आनंद का माहोल था, आज उसी कमरे में दुःख व शोक का आलम था, लहर थी। सब शोक-सागर में डूबे से नज़र आ रहे थे।

रात्रि का समय था। मैं अपने ख़यालों में डूबा था। मेरे मन में बार-बार यह विचार उभर आता था, उमड़ आता था कि इस साधू-संत सज्जन से मेरी प्रीति का दामन क्यों जुड़ा? वे सज्जन तो उच्च कोटि के विद्वान, विद्यापति तथा उच्च पदपर पहुँचे हुए व्यक्ति थे और मैं? मैं तो एक रुखा-इन्सान, जड़मति इन्सान हूँ। फिर भी इनके इतने करीब कैसे आ गया? मैंने इस प्रश्न के उत्तर की तलाश की लेकिन मुझे कोई उचित उत्तर नहीं मिला। मुझे लगा यह मेरे भाग्य में बदा है। भाग्य में लिखा है। यह मेरा प्रारब्ध ही है। यह मेरे पूर्व-जन्म के किए गए सत्कर्मों का फल है, जो इस जन्म में मुझे एक ऐसे अच्छे विद्वान नेक मित्र की मित्रता प्राप्त हुई।

मेरे शुभ-कर्मों के कारण, मुझे मेरे परम-प्रिय मित्र श्री के. आर. मलकाणीजी से मुलाकात हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसके लिए एक साधन बना। जिसके प्रकाश ने जीवन जीने का मार्ग दिखाया। उनसे मिलकर मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों जन्म-जन्म के साथी हैं। उनसे मिलकर मुझे बेहद आनंद होता था। उनके मिलन में आत्मीय आनंद आता था। एक-दूसरे से बातचीत करने से मेरी रुह को राहत मिलती थी। उनके जीवन में काफी सुख-दुःख के कशमकश के, उतार-चढाव के अवसर आए थे। वे कमल जैसे थे। ऐसे महान सत्पुरुष की संगति मेरे लिए वरदान है। जीवन में ऐसी मित्रता से मुझे

समाधान है। इसी मित्रता ने मुझे जीवन में आधार तथा दिलासा दिया है।

उस रात जैसे ही मैं बिस्तर पर लेटा, जीवन की काफी घटनाओं के चित्र मेरे मनकी पटरी से गुज़र गए। बचपन में एक साथ संघ की शाखा में उनके साथ इकट्ठा रहना। ऑफिस से घर लौटते समय तिलक-चढ़ाई पर स्थित उनके घर में कुछ समय व्यतीत करना। उनके साथ गप-शप करना मेरे जीवन का एक अटूट हिस्सा बन चुका था। केवलजी जब दो वर्ष के लिए बम्बई पढ़ने के लिए गए तब उनके बिना मेरा जीवन एक रेगिस्तानसा बन गया था। मैंने उन्हे हर सप्ताह पत्र लिखना अनिवार्य कर दिया था। संघ की एक मास की O.T.C. में एक साथ रहने तथा समीप बिस्तर पर सोने से हम दोनों के रिश्ते और भी अधिक घनिष्ट हो गए थे। केवलजी कुछ समय हैद्राबाद में प्रोफेसर बने थे। उसी वक्त पाकिस्तान बना। हम दोनों ने दो बार हैद्राबाद से बम्बई तक रेल-यात्रा की। वे दिल्ली चले गए और मैं हैद्राबाद लौट गया। मैं सन १९४८ में बम्बई आकर बसा। मैं केवलजी के सिवा उदासीन रहने लगा। दूसरों की भाँति मैं भी नए रिश्ते बनाने लगा तथा पुराने खुले धागों को बांधने लगा, केवलजी से मैंने पुनः पत्र व्यवहार शुरु किया। वे हिन्दुस्तान-टाइम्स में काम करने लगे। थोड़े समय पश्चात् वे 'आर्गनाइज़र' पत्रिका का संचालन करने लगे। कुछ समय बाद दिसम्बर १९५५ में मेरी शादी के ठीक एक महिने बाद उन्होंने भी अपनी शादी की। कुछ वर्षों के लिए वे अमेरिका स्कॉलरशिप के अंतर्गत अभ्यास करने गए। अभ्यास करने के पश्चात् वे लौट आए तथा आर्गेनाइज़र व पाञ्चजन्य पत्रिकाओं के प्रकाशन में लग गए। उन्होंने पत्रकारिता जगत में अपने बलबूते पर स्थान बनाया व ख्याति प्राप्त की। उनका सभी बड़ी पत्रिकाओं के संपादकों के साथ अच्छे, घनिष्ट संबंध रहे। वे पत्रकार संगठन संस्थान के सेक्रेटरी पद पर भी आसीन रहे। पत्रकार के रुप में उन्होंने देश-विदेश का भी पर्यटन किया। १९७५ में वे 'मदरलैंड' नामक अंग्रेजी पत्रिका के संपादक भी रहे। थोड़े ही वक्त में वह पत्रिका विख्यात हुई।

सरकारी-मामलों का विश्लेषण होने लगा व असली बातें सामने आने लगी। श्रीमती इंदिरा गांधी पर टीका टिप्पणी होने लगी। २७ जून, १९७५ रात्रि के ढाई बज़े मलकाणी जी के दरवाज़े पर दस्तक हुई, पुलिस उन्हें MISA के तहत पकड़कर ले गई। वह इमरजन्सी का समय था। उसी रात सुंदरीने मुझे हालात की जानकारी दी। मैं जनसंघ का अध्यक्ष था। अतः मुझे भी खतरे का आभास प्रतीत होने लगा और मैं भी तैयारियाँ करने लगा। इमरजन्सी में २१ महिनों की कैद की सज़ा थी। बडी लंबी जुदाई रही। उनसे अकेले में पूछताछ होने लगी तथा अलग-अलग विभिन्न जेल-यात्रा उन्हें करायी गयी।

स्व. श्री केवलजी अंग्रजी भाषा के माहिर थे। वे अच्छी अंग्रेजी लिखने में, पढने में तथा बोलने में सक्षम थे। उनकी अंग्रेजी मनमोहक तथा प्रभावशाली रहती थी। वे छोटे-छोटे शब्दों तथा छोटे वाक्यों का ही प्रयोग करते थे। पाठक-गण जब कभी इनकी भाषा पढ़ते थे या सुनते थे। तब वे मानो खो जाते थे। पाठक या प्रेक्षक उनकी अंग्रेजी भाषा

में इतना खो जाते थे, जैसे गंगा का पानी गंगा के विराट स्वरुप में खो जाता है - समा जाता है - अपने आपको अलग नहीं पाता है। पाठक या श्रोता गण उनकी रसमय अंग्रेजी प्रवाह में डुबकियाँ लेने लगते है। उनकी लेखनी इतनी आकर्षक है कि पाठक एक बार उसे शुरु करते है, तो अंतिम पन्ने तक उन्हें पुस्तक छोड़ने का दिल नहीं होता। इनकी विख्यात पुस्तकें है, दि आर. एस.एस. स्टोरी, दि सिंध स्टोरी, दि मिड-नाईट नॉक इत्यादि। इनकी 'इंडिया फर्स्ट' किताब प्रधानमंत्रीजी के करकमलों से जारी की गयी है। इन पुस्तकों से हम भारतीय समस्याओं के विषय में केवलजी के भिन्न-भिन्न विचारों से परिचित होते है। ये विचार देश-प्रेम, देश-भक्ति, उच्च-चरित्र, संगठन, जीवन का रहस्य, इत्यादि से संबंधित है। इनकी लेखनी में हम परम-पूज्य श्री गोलवेलकर तथा पंडित दीन-दयाल उपाध्यायजी की गहरी छाप पाते हैं। स्व. श्री केवलजी उच्च विचार सादे-जीवनी जीनेवाले, मितभाषी, नम्रता के धनी थे। उनका जीवन समाज अर्पित तथा देश-सेवा अर्पित था। ऐसी ही बातें हम इनके लिखे लेखों तथा किताबों में पाते हैं।

इनके जीवन में काफी हादसे आए। इन हादसों ने इन्हें क्षीण कर दिया। इन्हें एक बार एक पत्र मिला। उस पत्र में यह लिखा था कि कलसे ऑर्गनाइज़र अखबार की ऑफिस में मत आना। यह खबर पढ़कर उनके मनको बड़ा आघात लगा क्योंकि इस खबर के पीछे न उन्हें कोई कारण दिख रहा था और न कोई दलील। जिस मुन्ने को बचपन से पालन-पोषण कर बड़ा किया जाए, उसी मुन्ने से दो घंटो की नोटीस पर अलग होने की बात कही जाए, यह कितना दुखदायक है - इसकी वेदना मैंने केवलजी के जीवन में देखी है। श्री केवलजी तथा उनके परिवार के सदस्यों ने बहुत कुछ सहन किया है। स्वयम् स्वर्गीय श्री केवलजी भी हमें और इस संसार को दो घंटो की नोटीस देकर इहलोक छोड़कर परलोक चले गए।

सुंदरी छोटी-सी बीमारी के बाद इस लोक से अलविदा हो गयी। उनके जाने के बाद केवलजी मायूस हो गए। सुंदरी के जाने का ग़म उन्हें खाए जा रहा था। उनका उन्हें मलाल था। मैं दूसरे दिन दिल्ली पहुँचा। मैं केवलजी की स्थिति देखकर निराश हो गया। जो आया है, वह अवश्य जाएगा। यह उपदेश सभी देते हैं, सुनते हैं, लेकिन जब अचानक अपना जीवन-साथी चला जाता है, तब वह उपदेश निरर्थक हो जाता है। ऐसा लगता है कि मानो हमारे ही शरीर के किसी अंग को अर्धांग हो गया है - बेकार हो गया है - मरा हुआ सा हो गया है। श्री केवलजी की वह स्थिति मरे-दम तक रही।

दुःख और पीड़ा को सहन कर केवलजी ने जीवन में आनेवाली मुसीबतों का हिम्मत और हौसले से उठकर मुकाबला किया। जीवन के हर मोड़ पर उन्होंने काफी सोचा, समझा और हर समस्या का विश्लेषण कर उसके समाधान का अन्वेषण किया । वे ज़िद नहीं करते थे। व्यर्थ के झगड़ो से वे दूर रहना पसंद करते थे। वे राजनीति में राज्य-सभा के मनोनीत माननीय आदरणीय सदस्य बने तथा राज्यपाल (गव्हर्नर) जैसे ऊँचे पद-पर पहुँचे। उन्होंने

कई अच्छे सामाजिक कार्य भी किए। वे अधिकतर भारतीय जनसंघ तथा भारतीय जनता-पार्टी के उच्च पदों पर रहे। वे उत्तर-पूर्व स्थित राज्यों पर अच्छी खासी नज़र रखते थे, अर्थात् पूरी ख़बर रखते थे।

सिंध और सिंधियों से काफी प्यार रखते थे। उनके लिए उनके दिल में विशेष स्थान था। पाकिस्तान से कई सिंधी मुस्लिम इनसे मिलने आते थे। वे मुस्लिम भाई दिलो जान से उनसे बातचीत करते थे। इन्होंने पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने के लिए कई प्रयत्न किए। सिंध की भौगोलिक तथा ऐतिहासिक परिस्थितियों की वे काफी जानकारी रखते थे। सिंधियों की परिस्थिति सुधारने के लिए उनके कल्याण-हेतु वे हर संभव प्रयत्न करते थे। किसी भी समस्या समाधान हेतु सिंधी समुदाया अगर उसे बुलाता था, तो वे इन्कार नहीं करते थे। सन १९७९ से वे भारतीय सिंधू-सभा के उपाध्यक्ष के रुप में कार्यरत थे। एन.सी.पी.सी.एल के भी वे उपाध्यक्ष रहे। उनके आने से नए काम शुरु हो जाते थे। कामों में नयी जान आ जाती थी। ऐसा लगता था वे अपने साथ बहार लेकर आते थे। एन.सी.पी.एस.एल में उनके आगमन के फल स्वरुप सिंधी बोली का सुप्त-काम नये रुप से जागृत हो उठा। पूरे भारत देश में सिंधी-बोली के वर्ग चलाने की योजना अमल में आ गयी। उन्हें इस बात से समाधान था कि यह योजना अच्छी तरह से कार्यान्वित हो चुकी है और वह भविष्य में भी इस योजना का विकास अवश्य होता रहेगा।

इनका गृहस्थ-जीवन कमियों व तंग हालातों से गुज़रा है। वे पूर्ण जीवन पत्रकार ही रहे। उनके घर में उनकी माताजी, उनकी कुंवारी बहन का पालन-पोषण की ज़िम्मेदारी इनपर ही थी। इनके अतिरिक्त अपनी अर्धांगिनी तथा तीन बच्चों का पालन पोषण तथा उच्च पढ़ाई की व्यवस्था का उत्तरदायित्व इन्हीं पर था। पगार इनका केवल तीन-चार हज़ार ही थी। जैसे वैसे इनका काम चलता था। सचमुच घर चलाने का श्रेय सुंदरीजी को ही देना चाहिए। उन्होंने घर की गाड़ी बड़े संयम से चलाई। सुंदरीजी ने अपने बच्चों को स्वर्ण जैसा सच्चा व ईमानदार बनाया। उन्हें दिल्ली-स्थित राजेंद्रनगर में प्लॉट तो मिला, पर वहाँ पर मकान बनाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। अपने मित्रों व रिश्तेदारों की मदद से वे बच्चों के लिये सिर छिपाने के लिये साधारण मकान बना पाये। सारी ज़िदगी में शायद बच्चों को केवल दो-तीन बार ही सफर करने के लिए ले गये होंगे। शायद ही कभी-कभार वे बच्चों के साथ होटल में खाना खाए होंगे या बच्चों के साथ सिनेमाघर में सिनेमा देखने गए होंगे। उन्हें खेल-कूद का कोई विशेष शौक नहीं था। दूरदर्शन के दर्शन भी वे नाम-मात्र के लिए करते थे।

वे राज्य-सभा के सदस्य बने। अतः उन्हें रहने के लिए मकान मिला। अच्छा मकान देखकर सुंदरी मुस्कुराई। उसके चेहरे पर रौनक लौट आई। उनके लिए अब हवाका रुख सुखदायी प्रतीत होने लगा। अब उनके हाथ में पैसे भी आने लगे, हाथ खुला। राज्यसभा के माननीय सदस्य होने के कारण केवलजी बहुत सी कमेटियों के सदस्य भी बन गए।

अन्य सदस्यों की तरह इन्हें भी कई प्रकार की सौगाते मिलने लगी। लेकिन वे इन सौगातों से नाराज़ होते थे। वे नाराज़गी प्रकट भी करते थे। अब उनकी कार्यशील बिटिया की शादी भी हुई। उनके बेटे को इंजीनीयरिंग में मुम्बई में प्रवेश भी मिला। उनका बेटा चारों वर्ष मेरे घर में पारिवारिक सदस्य की तौरपर रहने लगा। इंजनीयरिंग की डिग्री पास की, परंतु शीघ्र ही उन्हें मुंबई में नौकरी मिली। अतः वे मुंबई मेरे घर के आँगन में लौट आए। मेरे बच्चों के साथ उनकी दोस्ती थी। हम दोनों मुंबई और दिल्ली आते जाते रहते हैं। तथा एक-दूसरे के घर पर ही अपना मुक़ाम रखते हैं।

केवलजी गवर्नर के पदपर पदासीन हुए। राज-निवास बहुत बड़ा था। उसमें सुंदर बाग़-बग़ीचे थे। उसमें १५ कमरों का एक घर था। दो दर्जन नौकर वर्ग भी सेवा हेतु उपस्थित थे। यहाँ हर प्रकार का सुख तथा सुविधाएँ मौजूद थे। केवल एक रिक्त-स्थान था। वह था गृहिणी का। सुंदरीजी का। सारी उम्र उन्होंने रसोई-घर के बर्तन साफ कर, धोकर अपने गोरे हाथ काले किए थे। आज सुख के समय वह नहीं थी। यह कैसा भाग्य है?

जब मैंने केवलजी से पूछा था कि आप अकेले इतने बड़े मकान में कैसे रहते हैं? तब उन्होंने उत्तर दिया था। "अकेलापन श्राप है। एक रोग है। इस रोग का एक ही इलाज है। स्वयं को व्यस्त रखना। पुस्तकें लिखना तथा पुस्तकें पढ़ना यह मेरी व्यस्तता है।" पुराने ज़माने के जापानी दार्शनिकों की लिखी पुस्तकें उन्हें बेहद पसंद थी। इन्होंने अपने अकेलेपन के रोग को मिटाने के लिए इसी इलाज को अपनाया और एक और पुस्तक भी लिखी। Mysterious - Deaths (रहस्यम-मौतें)

मुस्कुराना, बहुत हँसना, ठंहाके लगाना, यह केवल का स्वभाव था। मैंने कभी उन्हें किसीपर क्रोधित होते हुए नहीं देखा। कुछ लोग केवलजी से बदसलूकी की तौरपर बदतमीजी करते थे। झूठे और चालाक लोगों से इन्हें चिड़ थी। वे ऐसे लोगों से वार्तालाप बंद कर देते थे। द्वेष-भाव इनके स्वभाव में नहीं था। उनकी मृत्यु भी बिना कष्ट के हुई। उन्होंने न अस्पताल को तकलीफ दी और न राज-निवास के कर्मचारियों को कोई कष्ट दिया न डॉक्टरों को मुसीबत में डाला और न अपने परिवार के सदस्यों को कोई कष्ट दिया। जीवन और मृत्यु में उन्हें कुछ मिनिटों का फासला नज़र आया। "लायी हयात आए, कज़ा ले चली चले, अपनी खुशी न आए, न अपनी खुशी चले।" नौकर-वर्ग से भी वे नम्रता से पेश आते थे। सभी के साथ उनका प्यार व नम्रता का रिश्ता था। वे दिनांक १७ को जोधपुर गए थे। वहाँ जाते ही वे स्व. श्री रेवाचंद मूलचंदाणी जी (भारतीय सिंधू सभा राजस्थान के पूर्व प्रधान) के रिश्तेदारों से मिले तथा उन्हें सांत्वना दी और उसी प्रकार का अहवाल मेरी तरफ भी भेजा।

वह पत्र मुझे २९ अक्तूबर को तब मिला जब मैं २८ अक्तूबर उनके मृत्यु अग्नि संस्कार, पाँण्डेचरी में देखकर लौटा था। वे अपनी तंदुरुस्ती का विशेष ध्यान रखते थे। नियमित रुप से वैद्यकीय जाँच करवाते थे। रोज़ाना पदयात्रा करते थे। दिनभर बहुत पानी पीना

उनकी आदत थी। वे फलाहार खुशी-खुशी करते थे। सुबह चाय के साथ केला खाना उनकी आदत थी। यह आदत मैंने भी उनसे ही सीखी है। नाश्ते में वे गेहूं की चपाती खाते थे। भोजन के साथ वे मीठी -दही का सेवन अवश्य करते थे।

यह संपूर्ण घटना-चक्र एक फिल्म की तरह देखते-देखते मुझे नींद आ गयी। प्रातःकाल ४ बजे गाड़ी लेकर हम चेन्नई के हवाई अड्डेपर पहुँचे और उसी दिन सुबल ९ बजे हम मुंबई आ गए।

स्वर्गीय श्री केवलजी के जीवन का रहस्य है, राष्ट्रीय स्वयं सेवक की विचार-धारा तथा कार्यपद्धिती में संपूर्ण विश्वास। उन्होंने अपने जीवन को इसी विचारधारा पर डाला तथा संवारा उनका जीवन त्याग और तपस्या से भरा था। वे एक चित होकर उदर-पूर्ति हेतु लेखन मार्ग को अपनाकर चले। वे अच्छे पाठक तथा अच्छे लेखक थे। पैसे के विषय में वे बड़े निर्मोही थे। वे लेखक के रुप में, पत्रकार के रुपमें, एक विचारक के रुपमें, राजनैतिक के रुपमें वे मानवता के पुतले थे। इनका दृष्टिकोण राष्ट्रभक्ति से कूट-कूट भरा था। ये इनके व्यक्तित्व के अंग थे। उनके चाहक हज़ारों में हैं। उनकी इमानदारी, सच्चाई, विद्या तथा विचारों की गहराई की छाप पूरे भारतीय समाज में हैं। इन्हें व्यक्तिगत रुप से ढेर सारे पुरस्कार व सन्मान मिले। इन्हें डॉक्टर हेडगेवार का सर्व-श्रेष्ठ स्वयंसेवक सन्मान व पुरस्कार भी मिला। यही पुरस्कार उनके लिए सर्वोत्तम, अनमोल तथा समाधान प्रदान कर्ता था। यह पुरस्कार इन्होंने प्रेम से प्राप्त किया व अपने प्राणों से भी प्रिय के रुप में इस पुरस्कार को सुरक्षित रखा। वे हमेशा यही कहते थे कि इसी पुरस्कार ने इनके जीवन को शांति दी हैं। वाकई इसी पुरस्कारने इनके जीवन को शांति दी थी।

मैं स्वर्गीय केवलजी के विषय में क्या प्रार्थना करुँ? स्व. श्री केवलजी सीधे-साधे इन्सान थे। वे साफ-स्वच्छ रहते थे। उनके जीवन के सफेद वस्त्रोंपर जरा सा भी दाग मुझे नज़र नहीं आता। उनके एक-एक अंग मे, प्रत्येक अंग में, रोम-रोम अर्थात् नस-नसमें देशभक्ति का गीत भरा हुआ है। ऐसे व्यक्ति के लिए सभी दरवाजे खुले हुए हैं। सभी घर आराम-दायक हैं। मेरी एक ही इच्छा है। हे परमात्मा तू आप, पुनः केवलजी को भारत-वर्ष में सिंधी समाज में भेजकर हमें कृतज्ञ करें। अभी भी हमें केवल जी जैसे देवताओं, महानुभावों की अत्यंत आवश्यकता है।

मलकाणीजी देश-भक्ति के प्रतीक थे। देश की हर समस्या का उन्होंने गहराई से अध्ययन किया था तथा समाधान-हेतु अपने विचार कलम बंद किए थे - लिखे थे। उनकी साधना व चिंतन समस्त समाज व संपूर्ण देश के लिए थे। उनके जीवन की यही महत्वपूर्ण देन हैं। उनके नस-नस में (रोएं, रोएं में) देशभक्ति भरी हुई थी। उनकी प्रत्येक सांस में भारत की आवाज थी। काश! हमें उनके जीवन से ऐसी प्रेरणा मिले।

- झमटमल वाधवाणी

अनुवादक : ठाकुरदास लोहाणा

श्री केवल मलकाणी के जीवन का आदर्श

(स्वर्गीय श्री के. आर. मलकाणी जी दिनांक २७ अक्तूबर, २००३ में पाण्डेचरी में यह फानी दुनिया छोड़ गए. उनके उपलक्ष्य में मुंबई स्थित के. सी. कॉलेज, चर्चगेट के रामा वाटूमल हॉल में श्रद्धांजलि सभा रखी गयी थी. पूरा हॉल दर्शकों से भरा हुआ था. वहाँ कई माननीय व्यक्तियों ने आदरणीय श्री के. आर. मलकाणी जी को श्रध्दांजलियाँ दी.

- दादा झमटमल

वाधवाणी ने अपनी श्रध्दांजली इस प्रकार दी

बहनों और भाइयों,

संसार में सुख-दुख हर व्यक्ति से कभी न कभी लगा हुआ ही है. हर मनुष्य सामान्य तौर पर मोह माया तथा अन्य गृहस्थ कार्यों में फंसा हुआ है. किसी तरह कुछ व्यक्ति कुछ समय निकालकर जैसे-तैसे सामाजिक सेवाएँ करते रहते हैं, कुछ सज्जन आर्थिक सहायता करते हैं, कुछ सज्जन अपना नाम किसी संस्था से जोड़कर अपना तथा संस्था का नाम सन्मान ऊँचा रखते हैं. कुछ व्यक्ति समय निकालकर समाजसेवा के कार्य में व्यस्त रहते हैं. कुछ व्यक्ति समाजसेवा को अपने ही जीवन का एक हिस्सा समझकर उसमें समर्पित हो जाते हैं. जो व्यक्ति प्रचारक बनकर अपना सब कुछ त्यागकर सामाजिक कार्यों में लग जाते हैं, वे सचमुच वंदनीय है. वे गृहस्थी नहीं हैं. अतः उनके लिए अपना कार्य सरल लगता है.

सामाजिक प्रगति के लिए, गृहस्थाश्रम एक महत्वपूर्ण तथा आवश्यक रचना है. अनुभव के अनुसार सारा कार्य-व्यवहार इसी विचार-धारा पर आधारित है.

स्व. श्री केवल मलकाणी जी गृहस्थी थे. उन्होंने सन १९५५ में ३४ वर्षों की आयु में शादी की थी. उन्हें दो सुपुत्र तथा एक सुपुत्री थी. बड़ी बहन उनके साथ रहती थी. उनके पिताजी बचपन में उन्हें छोड़ स्वर्गवासी बने थे. घर-गृहस्थी का बोझ केवलजी के कंधो पर था. उन्होंने मुंबई-विद्यापीट से एम.ए. परीक्षा पास की तथा हैद्राबाद स्थित कॉलेज में प्रोफेसर बने. उसके बाद भारत विभाजन हुआ. अर्थात् पाकिस्तान बना.

बचपन से वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक थे. कहते हैं, "होनहार बिरवान के होत चीकने पात." वे बचपन से पठन-पाठन में तेज़, ज़ल्दी बात ग्रहण करनेवाले, हाज़िर-जवाबी तथा अच्छा लेखन-कार्य करते थे.

पाकिस्तान बनते ही वे अपने परिवार-जनों के साथ दिल्ली में आकर रहे. वे 'हिन्दुस्तान-टाइम्स' में सब एडीटर (उप-संपादक) बने. 'हिन्दुस्तान-टाइम्स' दिल्ली का प्रख्यात वर्तमान पत्र है. यह बिर्ला संचालित पत्रिका है. इस प्रख्यात वर्तमान-पत्र में कार्य करना शान-मान की बात मानी जाती है.

कुछ-समय के बाद वे 'आर्गेनाइज़र' पत्रिका के मुख्य संपादक बने. यह पत्रिका

आर.एस. एस संचालित है. अतः इन्होंने अर्थ उपार्जन को महत्व नहीं दिया. उनका यह मत था कि इस पत्रिका द्वारा वे पूरे भारत-देश में आर.एस.एस. की विचार-धारा का प्रचार-प्रसार करेंगे. इन्होंने अपने परिश्रम से 'आर्गेनाइज़र' को सजाया व सवांरा. इससे इस पत्रिका की बिक्री ऊँची चोटी छूने लगी. तत्पश्चात वे रोज़ाना अंग्रेजी में निकलनेवाली मदरलैंड पत्रिका का भी संपादन कार्य करने लगे.

पत्रकार के तौरपर इनका पगार-तनख्वाह बहुत कम था. इतना बड़ा परिवार केवल जी के पगार पर ही गुज़ारा करता था. उन्हें हमेशा आर्थिक तंगी रहती थी. वे इस बात से भली-भाँति परिचित थे कि उनकी तनख्वाह काफी कम है. कभी-कभी उन्हें दो-तीन महीनों तक पगार नहीं भी मिलता था. लेकिन हर आर्थिक मुसीबत का मुकाबला करते थे. वे लोगों के दिए गए व्यंगों को सहन करते थे. किसी अन्य पत्रिका में काम करने पर उन्हें अच्छा खासा पगार मिल सकता था. इतके भाई-साहब ने भी समाज सेवा का आदर्श अपनाया था, पर उन्हें अपनी धर्म-पत्नी का सहकार नहीं मिला. उनकी भाभी की कलह चलती ही रहती थी. पर उनके भाई-साहब ने इस कलह के बावजूद अपनी समाजसेवा का कार्य जारी रखा केवलजी ये बातें जानते थे. इन बातों का अनुभव ले चुके थे. फिर भी उन्होंने काँटों का पथ ही चुना. उनके मतानुसार कठिनाईयों, दुखों का इतिहास ही सुयश है.

मुझे मालूम है कि केवल जी मुश्किल से सपरिवार बाल-बच्चों सहित किसी होटल या उपाहार गृह में गए होंगे. या कभी उन्होंने होटल से खाना मँगवाया होगा. कभी-कभार जरुरत पड़ने पर वह खाना ढाबे से मँगवाते थे.

इन सभी बातों का तात्पर्य यही है कि उनके जीवन में आर. एस. सी की विचार-धारा कूट-कूटकर भरी थी. उनका संपूर्ण जीवन आर.एस.एस. की विचार-धारा से ओतप्रोत व समरस था. आर.एस.एस.की विचार-धारा को जीवन में प्राथिमकता देना इनके जीवन का परम-उद्देश्य था. उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मोह, माया, धन-दौलत, जीवन की मौज मज़ा, सभी से किनारा कर, वे केवल लिखने-पढ़ने तथा आर.एस.एस की विचार-धारा को आगे बढ़ाने में समर्पित रहे. घर सजाना, सुख-शांति में रहना, मौज-मज़े में जीवन-बिताना ये इनके मुख्य कार्य नहीं थे. इन चीजों को इन्होंने द्वितीय व तृतीय स्थान पर रखा था। उनकी धर्म-पत्नी सुंदरीजी ने भी यही मार्ग अपनाया था. वे अपने पति की पतिव्रता पत्नी थी. उनकी पत्नीने हमेशा यही कोशिश की जिनसे उनके पतिदेव को अपने उद्देश्य-पूर्ति में अधिक समय मिले. वे हमेशा प्रयत्नशील रही ताकि उनके पतिदेव को गृहस्थी का झंझट कम महसूस हो. वे माया-मोह तथा धन-दौलत के चक्कर में न फँसे.

वह गृहस्थी का संपूर्ण काम संभालती थी. घर चलाने के लिए आवश्यक साधन-सामग्री की पूर्ति वही करती थी. उन्हें यह कभी सोच-विचार में भी बात नहीं आयी कि सिंधी-समाज में उनकी स्थिति निम्नस्तरीय है. केवलजी सचमुच भाग्यशाली थे, जो उन्हें स्वर्ण-समान पत्नी नसीब से मिली.

वह घर का काम करती थी. बैंक का भी संपूर्ण कार्य वह संभालती थी. गृहस्थी होकर भी केवलजी स्वामी विवेकानंद के अनुयायी रहे. वे विवेकानंद जिनके पिताजी के घर में १० लाल (बच्चे) थे, फिर भी वे स्वयं राम कृष्ण परमहंस के पद चिन्हों पर चले. उन्होंने घर, परिवार का त्याग कर संपूर्ण जीवन भारत-भविष्य के लिए समर्पित कर दिया.

श्री केवलजी का जीवन त्याग और तपस्या का जीवन था. जो कार्य उन्हें सौंप दिया जाता था, वह वे अवश्य पूर्ण करते थे. उस कार्य का उत्तरदायित्व वे सच्चाई तथा ईमानदारी से संभालते थे.

वे न सिर्फ पत्रकार थे, पर राज्यसभा के माननीय सदस्य भी रहे. वे दीन-दयाल संस्था के उपाध्यक्ष भी बने रहे. वे जनसंघ तथा भारतीय जनता पार्टी के बड़े-बड़े पदों पर काफी समय तक रहे. वे एन.सी.पी.सी.एल के उपाध्यक्ष भी रहे. आखिर में वे पाण्डेचरी के लेफ्टीनंट गवर्नर बने.

गवर्नर होते हुए भी सामान्य प्रजा की जरुरतों की पूर्ति करने में उनका काफी सहयोग रहा. इनके दिनों में मेडिकल-एडमिशन, बिना डोनेशन होता था. केवल गुण तथा विद्यार्थी की काबिलियत देखी जाती थी. वे एक सज्जन व्यक्ति थे. वे नम्र थे. वे हर व्यक्ति को अच्छा परामर्श देते थे. वे नेता के तौरपर नही. ब्लकि एक मार्गदर्शक की तौर पर सबसे पेश आते थे. विभिन्न समस्याओं के विषय में वे केन्द्रीय-सरकार को (प्रधानमंत्री श्री अटल-बिहारी वाजपेयी तथा उपप्रधानमंत्री श्री एल.के. आडवाणी तथा अन्य मंत्रियों को) लिखते थे. वे स्वयं के पत्रों द्वारा उन्हें समस्याओं से वाकिफ करवाते थे.

उनके बड़े भाई श्री नारायणदास मलकाणी जी काँग्रेस के एक मुख्य नेता थे. ऐसा होते हुए भी केवल जी आर.एस.एस में शामिल हुए. वे भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के विचारक व मुख्य प्रचारक रहे. कई अवसरों पर वे भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दूरदर्शन के कई चैनलों पर छाये रहे.

वे हिन्दुस्तान के एक प्रमुख विचारक थे. उनके विचारों को कई भारतीय सन्मान देते थे. आर. एस.एस के सभी सर-संघचालक, बाबा-साहब आपटे तथा भाऊराव देवरस से इनके घनिष्ट संबंध थे.

इनकी लेखनी में एक अजीबो-गरीब आकर्षण था. इन्होंने कई पुस्तकें लिखी. 'इंडिया-फर्स्ट' पुस्तक में इन्होंने भारत की विभिन्न समस्याओं पर अपने निजी विचार पेश किए हैं.

एक दिन शहन्शाह अकबर ने अपने वज़ीर बीरबल से पूछा था कि अगर बदमाश इन्सान किसी शरीफ इन्सान के झंझट में पड़े, तो शरीफ इन्सान को क्या करना चाहिए? वज़ीर बीरबल ने जहाँपनाह से कहा कि इसका उत्तर तो सिर्फ मेरे पिताजी ही दे सकते हैं. शहन्शाह ने बीरबल के पिताजी को अपनी शाही-दरबार में बुलाया तथा उनसे भी यही प्रश्न किया. बीरबल के पिताजी ने कोई उत्तर नहीं दिया, सिर्फ शांत रहे. दूसरे दिन फिर

अकबर बादशाह ने अपने वज़ीर बीरबल से कहा कि आपके पिताजी ने तो मेरे प्रश्न का कोई उत्तर दिया ही नहीं, सिर्फ शांत रहे. बीरबल ने तुरंत कहा यही तो उत्तर है जहाँपनाह. जब बदमाश किसी शरीफ से झंझट करे, तब शरीफ का शांत रहना, उत्तर न देना ही तो उत्तर है. स्व. श्री केवलजी का स्वभाव भी ऐसा ही था. उनके जीवन में गुस्से को स्थान नहीं था. वे कभी क्रोधित नहीं होते थे. उनके जीवन में कई ऐसे इन्सान आए जो बदमाश थे. वे उनसे बातचीत करना छोड़ देते थे. यही उनका उत्तर था.

स्व. श्री केवलजी की सिंधियों के लिए की गयी सेवाएँ अमूल्य हैं. भारतीय सिंधू सभा के कहने पर उन्होंने 'सिंध-स्टोरी' नामक किताब लिखी. यह पुस्तक आज बहुत प्रख्यात है. वे सिंधु सभा की सभी मीटिंगों में उपस्थित रहते थे. सिंधियों की किसी भी आवाज़ पर, कहीं भी वे पहुँच जाते थे, तथा वहाँ उनकी स्थानिक समस्याओं का समाधान करने हेतु काफी प्रयत्न करते थे. आज़ादी दिन (स्वातंत्र्य-दिन) पर दिल्ली से सिंधियों की झांकी निकालने के लिए वे अग्रसर रहे. पाकिस्तान से आए हुए सिंधियों को भारतीय नागरिकता दिलाने में वे काफी प्रयत्नशील रहे तथा उनके लिए कायदे-कानून को भी भारत सरकार से आसान करवाया. सिंधियों को और भी कई प्रकार की सुविधाएँ उन्होंने सरकार से दिलायी. वे सिंधियों के चहते नेता थे. अतः सभी सिंधी इनसे लगाव रखते थे.

पाकिस्तानी सिंधियों का भी इन में काफी विश्वास था. पाकिस्तानी सिंधी भारत आकर रखते इनसे मिलते रहते थे.

सिंधू-नदी का स्त्रोत अर्थात् उद्‌गम-स्थान मानसरोवर है. यह नदी मानसरोवर से निकलकर, हिमालय की पहाड़ियों को लांघकर, पर्वतों से निकलकर, मैदानों से गुज़रकर, झर-झर की ध्वनि से रेगिस्तानों की रेत लेकर जंगलों में से पेड़ों से गुज़रकर अपना मार्ग बनाती हुई, बिना रुके दौड़ती हुई अपने सिंधू सागर से आकर मिलती है. वह सिंधु-सागर से मिलन के लिए आतुर रहती हैं. उसका बहाव हरदम विशाल रहता है. उसका जल शीतल रहता है. उसकी मंजिल निश्चित रहती है. उसका विराट स्वरुप हमेशा कायम रहता है. केवल जी का जीवन भी उस सिंधू की भाँति है. जो मंजिल उन्होंने निश्चित की जो आदर्श उन्होंने जीवन में अपनाया, उन्हें प्राप्त करने के लिए हर प्रकार के कष्ट को हटाकर वे हमेशा मुस्कुराते रहे. उन्होंने सिद्ध किया कि कठिनाइयों, दु खों का इतिहास ही सुशय है. वे अपने लक्ष्य-प्राप्ति में कामयाब रहे.

कोई भी मनुष्य अगर किसी आदर्श को अपनाता है, तो उसे केवल जी के जीवन से सबक (पाठ) सीखना चाहिए. यदि मन साफ है, निश्चय अटल है, तो किसी भी अच्छे कार्य करने तथा इनके आदर्श तक पहुँचने में किसी भी कठिनाई का सामना करना कठिन बात नहीं है. इस सांसरिक जीवन में प्रलोभन, वासना और तृष्णा की खींचातानी होती ही रहती है. इन चीजों के बहकावे में आकर मनुष्य अपनी मनोदुर्बलता के कारण अपने आदर्श से हट जाता है. लेकिन अगर इन्सान अटल इरादेवाला है, पक्के निश्चयवाला है, तो उसे

सामाजिक सेवा के लिए कोई रुकावट रोक नहीं सकती.

मैं, इन्हीं शब्दों के साथ श्री मलकाणी जी को आदर-पूर्वक श्रद्धा सुमन समर्पित करता हूँ.

"गुणों की खान मलकाणी"

देश को गर्व है जिस पर
मानवता को नाज़ है जिस पर
ये आसूँ मलकाणी के लिये
जननी तरसती है जिसके लिये १

मनीषी विचारक वह था
सत्य का प्रचारक वह था
सिन्धियत का गवर्नर वह था
श्रद्धा के सुमन "केवल" के लिये
जननी तरसती है जिसके लिये २

स्वयं-सेवक सच्चा वह था
निर्भय लेखक पक्का वह था
कौन करता है किस के लिये?
उसने किया सब के लिये
जननी तरसती है जिसके लिये ३

- राधाकृष्ण भागिया

ऋषि तुल्य समर्पित जीवन का मालिक मलकाणीजी

आदरणीय, सन्माननीय श्री केवलजी मलकाणी जी सिंध-हिंद चमन के फूल थे, ज्ञान के सागर थे, सरस्वती सपूत थे, राष्ट्र-समर्पित जीवन के व्यक्ति थे. किसी कवि ने ठीक ही कहा है.

जननी, जन्म दे वीर जन
या दानी या शूर
नहीं तो रहना बांझ तुम
मत गँवाना नूर

वे हिंदूस्तानी कोहीनूर थे. उन पर पूरे देश को नाज़ है. उन पर इन्सानियत को गर्व है. उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित था. वे गुणों की खान थे. ऐसे ऋषि तुल्य व्यक्तियों की जन्मदायिनी भारत माता है. भारत माता को इसी प्रकार के व्यक्तियों को जन्म देने हेतु रत्नगर्भा कहा गया है. वे सबसे बढ़कर सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के सदस्य व कार्यकर्ता थे. उसे डॉ. हेडगेवार का सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त था. उनके लिए यह पुरस्कार पाना सबसे बड़े सांसारिक सन्मान पाने से भी बढ़कर था. वे इस पुरस्कार प्राप्त स्वर्ण पदक को बड़े आनंद के साथ धारण करते थे.

स्व. श्री केवल मलकाणी जी हैद्राबाद (सिंध) में १९ नवम्बर सन १९२१ में जन्मे इनका पूरा परिवार सुशिक्षित परिवार था. इनके पारिवारिक सदस्य सामाजिक कार्यों तथा राष्ट्रीय कार्यों में सर्वदा अग्रसर रहते थे. इनके बड़े भाई प्रोफेसर एन. आर. मलकाणी जी विहार प्रांत के शैक्षणिक विभाग से त्याग-पत्र देकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के असहकार स्वातंत्र्य संग्राम में कूद पडे. इनके बड़े भाई साहबने ही सोच समझकर सन १९४१ में श्री केवल जी को राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के शाखा में भेजा था. उन्होंने श्री केवलजी से यही कहा था कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ही उन्हें सिखायेगा कि ज़िदगी कैसे जी जाती है तथा आवश्यकता पड़ने पर देश के लिए कैसे जान न्योछावर करनी चाहिए. उस दिन से श्री केवल मलकाणी जी राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के एक आदर्श स्वयं सेवक बने और मरते दम तक वे एक आदर्श स्वयं सेवक ही बनकर रहे. अर्थात् जीए तो भी आर. एस. एस के लिए और मरे तो भी आर. एस. एस. के लिए. 'इस खाक से उठे हैं, इस खाक में मिलेंगे,' उनके जीवन से झलकता है कि स्वयं सेवक किसे कहते हैं. वे हैद्राबाद (सिंध) के डी. जी. नेशनल कॉलेज के प्रोफेसर पद पर रहे. वहाँ उनका खूब नाम हुआ अर्थात् वे अपने कार्य में प्रख्यात कामयाब प्रोफेसर की तौर पर जाने पहचाने गए. भारत पाक विभाजन के बाद वे दिल्ली में आकर रहे. राष्ट्रीय विचार-धारा व संघ की आज्ञा हेतु संपूर्ण समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण, उन्होंने उस समय कर दिखाया जब संघ के आदेशानुसार, घर में आर्थिक गंभीर स्थिति होने के बावजूद, अच्छी तनख्वाह देनेवाली 'हिंदुस्तान-टाइम्स' की

कायम स्वरुपी नौकरी छोड़कर वे कम तनख्वाहवाली इंग्लिश 'आर्गनाइज़र' पत्रिका का संपादक पद स्वीकार कर संपादन कार्य में रत हो गए. हिंदुत्व का सही विचार, राष्ट्रभक्ति की चिन्गारी भारतीय जीवन दर्शन की पहचान के साथ साथ राजनैतिक सही दिशा तय करने में 'आर्गनाइज़र' पत्रिका के माध्यम से स्व. श्री मलकाणीजी ने महत्वपूर्ण काम किए. उन्होंने भारतीय चिंतन को विश्व स्तर तक पहुँचाया. वे ३४ वर्ष तक उसके संपादक रहे शायद किसी भी अंग्रेजी पत्रिका के लिए यह एक विश्व रिकार्ड है. जिस कॉलेज में श्री मलकाणीजी प्रोफेसर थे, उसी कॉलेज के श्री लाल कृष्ण आड्वाणीजी विद्यार्थी थे. श्री केवल मलकाणीजी, श्री लालकृष्ण आड्वाणीजी तथा झमटमल दादाजी तीनों साठ बरसों से दोस्ती के धागे में बंधी हुए थे. उनकी दोस्ती काफी पुरानी थी. माननीय अटल बिहारीजी तथा दीनदयाल उपाध्यायजी से उनका गहरा नाता था अर्थात् घनिष्ट संबंध थे. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी पूजनीय संघ चालकों से मलकाणीजी के अच्छे स्नेहपूर्ण संबंध थे. वे सब मलकाणीजी को आदरपूर्वक इज़्जत देते थे तथा उन पर अटल विश्वास रखते थे.

आदरणीय मलकाणीजी ने काफी समय आर्थिक तंग परिस्थितियों में गुज़ारा. फिर भी वे अपने आदर्शों पर कायम रहे. उन्होंने तथा उनकी धर्मपत्नीने काफी कष्ट उठाकर अपने सपूतों को पढ़ाया, लिखाया तथा गुणवान व स्वावलंबी बनाया. मलकाणीजी एक अच्छे वक्ता व लेखक थे. उन्होंने हज़ारो लेख तथा कुछ अच्छी उच्च कोटि की स्तरीय पुस्तकें लिखी है. उनकी पुस्तकों मे गहरा अन्वेषण बहुत गहरी गहरी जानकारी विस्तृत-ज्ञान, नाविन्य तथा रोचकता पाठक गण पाते हैं. पाठक आखिरी वाक्य तक पुस्तक पढ़ना ही चाहता है. उनकी मुख्य लिखी हुई पुस्तकें हैं. दि. आर. एस. एस. स्टोरी, दि सिंध-स्टोरी, मिड नाइट नॉक इत्यादि. उनकी इंडिया-फर्स्ट पुस्तक का विमोजन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी ने किया था. उनकी एक और पुस्तक 'मिस्टीरियस-डेथ्स' प्रकाशाधीन है.

श्री मलकाणीजी के संबंध आर.एस.एस. के सिवा दीन-दयाल संशोधन संस्था से भी थे. वे पत्रकार संस्थाओं के सेक्रेटरी भी थे. वे पत्रकार की हैसियत में देश-विदेश जा चुके थे. पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका नाम श्रद्धा व इज़्जत से लिया जाता है. वे राष्ट्रीय सिंधी बोली विकास परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे. उन्होंने सिंधी समाज व सिंधियत के प्रचार-प्रसार हेतु अथक प्रयत्न किए. उन्होंने भारत के कोने कोने में सिंधी वर्ग चलवाये अर्थात् खुलवाये.

वे जनसंघ तथा भारतीय जनता-पार्टी से भी जुड़े रहे. इस हेतु वे इमरजन्सी में २१ महीने जेल में भी रहे. वे भारतीय जनता पार्टी के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष भी बने रहे. वे भारतीय संसद में राज्य सभा के सदस्य भी बने रहे वे नार्थ-ईस्ट भारतीय राज्यों के पालकमंत्री भी रहे. उन्होंने जनता में ख्याति पायी. वे जनसेवक के तौर पर प्रख्यात रहे.

वे अंतिम समय में पाण्डेचरी के महामहिम-लेफ्टिनंट गवर्नर बने, वे गवर्नर कम, पर उस क्षेत्र के पिता व पितामह ही साबित हुए. वे हर बात का सोच विचार रखते थे. वे सामान्य से सामान्य मनुष्य का भी विचार रखते थे. उसके बारे में सोचते थे. सामान्य नागरिक की सुख-सुविधा की चिंता उन्हें हमेशा रहती थी. वे मिलनसार थे. हर मुलाकात करनेवाला यही समझता था कि वह गवर्नर से नहीं, बल्कि अपने आदरणीय श्रद्धेय, दादाजी, पिताजी या बड़े भाई से मिल रहे हैं. उन्हें भी अपनों से वात्सल्य प्रेम निभाना अच्छा आता था. उनका कहना था, "जिनका काम सियासत है, वो सियासत जाने, मेरा पैगाम मुहोब्बत है, जहाँ तक पहुँचे."

कथाओं, कहानियों में कितने ही ऋषियों का वर्णन पढ़ते है. लेकिन स्व. श्री केवल मलकाणीजी एक जिंदा मानव-ऋषि थे, जिनके दर्शनकर मैं अपने आपको धन्य समझता हूँ. ऐसे महर्षि को मेरे कोटि-कोटि प्रणाम.

- राधाकृष्ण भागिया

श्री के. आर. मलकाणीजी व राष्ट्रीय सिंधी बोली विकास परिषद

सिंधी भाषा, साहित्य, शिक्षण व कला के विकास के लिए भारत-सरकारने एक स्वतंत्र संस्था, रा. सिं. बो. वि. परिषद सन १९९४ में स्थापित की. जून सन १९९५ में काडूंसिल की स्थापना हुई. उनके तत्कालीन अध्यक्ष श्री माधवराव सिंधिया, मानव संशोधन, विकासमंत्री रहे. इस संस्था के उपाध्यक्ष तत्कालीन उपमंत्री रहे.

२० जुलाई, सन १९९८ में परिषद की जनरल-बॉडी (सामान्य-सभा) तथा कार्य-कमेटी के नए सिरे से चुनाव हुए. उसमें श्री मुरली मनोहर जोशी, मानव-संशोधन विकास-मंत्री अध्यक्ष पर पर पदासीन हुए तथा श्री के. आर. मलकाणीजी उपाध्यक्ष पदपर पदासीन रहे.

श्री मलकाणीजी, जिन्हें भारत-सरकारने लेफ्टीनंट गवर्नर, नियुक्त कर पाण्डेचरी भेजा, उन्हे परिषद के उपाध्यक्ष पद से त्याग-पत्र देना पड़ा. भारत सरकारने उपाध्यक्ष पद पर श्री झमटमल वाधवाणी जी की नियुक्ती की.

श्री मलकाणी जी को सिंधी भाषा, साहित्य, कला तथा शिक्षा के विकास के लिए काफी चाह था. जहाँ चाह वहाँ राह. अतः परिषद के कार्य ज़ोर-शोर से होने लगे. सिंधी बोली व भाषा के विकास के लिए अनेक योजनाएँ अमल में लायी गयी परिषद की योजनाओं का लाभ सिंधी लेखक साहित्यकार, शैक्षणिक संस्थाएँ, ज़्यादा ले सकें इस हेतु मलकाणी जी ने परिषद के नियमों को सरल-रुप दिया. सिंधी भाषा का प्रसार व प्रचार अधिक से अधिक तम हो इस हेतु मलकाणी जी ने हर मुमकिन कोशिश की.

श्री के. आर. मलकाणी जी परिषद की विशेष कमिटी, ग्रांट-एड् (अनुदानिक) कमेटी, रिवार्ड-कमेटी, कार्यक्रम कमेटी के अध्यक्ष पद पर भी रहे. उन्होंने इन कमेटीयों को कार्यशील रखा. इनके कार्य-काल में बहुत सारे कार्यक्रम हुए, सिंधी भाषा सिखाने के लिए भारत वर्ष में सिंधी वर्ग स्थापित हों, इस हेतु उन्होंने सिंधी-भाषा सलाहकार कमेटी तथा सिंधी सिखाने हेतु कमेटी स्थापित की. सिंधी भाषा सिखाने की कमेटी पर उन्होंने विविध सिंधी विद्वानो की नियुक्ति की. श्री झमटमल वाधवाणी जी को कन्वीनर पद पर नियुक्त कर कार्य को सुचारु स्वरुप दिया. आज इन कमेटियों ने श्री झमटमल वाधवाणी जी के अथक प्रयत्नों से सिंधी सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स तथा एडवान्स डिप्लोमा कोर्स की योजनाएँ तैयार की हैं. सिंधी भाषा सिखाने हेतु सिंधी रीडर प्रकाशित हो चुका है व भारत के विभिन्न स्थानों पर वर्ग शुरु हो चुके हैं.

श्री मलकाणी जी के सहकार्य से सिंधी पुस्तकों तथा पत्रिकाओं की थोक (हेश्रश) खरीदी होने लगी है. इससे सिंधी लोक-संगीत तथा सिंधी सभ्यता बढ़ी हैं. खरीदी भी बढ़ी हैं.

परिषद की तरफ से सिंधी साहित्यकारों को बेहतरीन पुस्तकों के लिये रुपये १५०००/

- (पंद्रह-हज़ार) प्रत्येक को दिए जाते थे. वह राशि अब रुपये २००००/- (बीस हज़ार) प्रति पुस्तक हैं. अच्छा साहित्य पुस्तक के रुप में प्रकाशित हो इस हेतु भी योजनाएँ अमल में लायी गयी हैं. परिषद स्वयं साहित्य-सेमिनार आयोजित करे, वर्कशॉप का आयोजन, पुस्तक-प्रकाशित करना. इस संबंधित योजनाएँ भी कार्यान्वित है.

दो नए पारितोषिकों की तैयारी हो चुकी है, प्रत्येक पारितोषिक की राशि रुपये ५००००/- (पचास-हज़ार) है. ये पुरस्कार साहित्यकार सन्मान तथा साहित्यिक रचना सन्मान योजनाओं के अंतर्गत दिए जाएँगे. इन पुरस्कारों की स्वीकृति भारत सरकार से ली गई है.

श्री के. आर. मलकाणी जी के कार्य-काल में सिंधी बोली व कला का दिन-दूनी चार चौगुनी प्रगति हुई.

उनकी नियुक्ति गवर्नर पद पर होने के बाद भी उनका साथ व सहकार परिषद के साथ बरकरार रहा. वे परिषद के कार्य में चाह लेते रहे. योजनाओं को वास्तिविक स्वरुप का मार्गदर्शन देते रहे. नयी-नयी योजनाओं को प्रारंभ करने के लिए तथा उन्हें कार्यान्वित करने के लिए हमें उत्साहित करते रहे.

परिषद के कार्य तथा इनकी योजनाओं को प्रचार-प्रसार होता रहे, इस हेतु उन्होंने खबरनामा भी प्रकाशित किया. इस 'खबरनामा' के संपादक पद पर उन्होंने जेठो-लालवाजी की नियुक्ति की.

गवर्नर पद पर काफी व्यस्त होने के बावजूद वे परिषद की तरफ से दिल्ली में २३ मार्च २००३ तथा २९ अगस्त २००३ के दिन आयोजित सिंधी साहित्यकार पारितोषिक समारोह तथा सिंधी सभ्यता कार्यक्रम में वे स्वयं उपस्थित रहे तथा उपस्थित सज्जनों व सन्नारियों को उन्होंने सिंधी भाषा के विकास के लिए प्रोत्साहित किया तथा इस बात पर ज़ोर दिया कि सिंधियों को सिंधी भाषा लिखनी तथा पढ़नी अवश्य चाहिए. उस समय अपने भाषण में मलकाणी जी ने कहा कि हमें सिंध हिंद के रिश्ते बरकरार रखने चाहिए. सिंधी बोली को जिगर के पास रखना चाहिए. स्वयं को सिंधी कहलाने में गौरव महसूस करना चाहिए. उन्होंने नौजवानों को सिंधी इतिहास तथा सिंधी वारसे की जानकारी प्राप्त करने को प्रेरित किया तथा परिषद को सुझाव दिए कि इस हेतु उन्हें नए-नए कार्यक्रम कार्यान्वित करने चाहिए. उनके प्रभावशाली भाषण से प्रतीत होता था कि मलकाणी जी की नस-नस में सिंधियत समायी हुई है. उन्हें शाह अब्दुल-लतीफ प्यारे हैं. अपनी सिंध के लिए असीम मुहब्बत है. वे सच्चे सिंधी हैं.

- जेठो लालवाणी

निर्देशक रा. सि. बो. वि. प. (NCPSL)

शोक प्रस्ताव

प्रमुख बुज़ुर्ग, आदर्शवादी, बुलंद कोमी विचार रखनेवाले, देशहितवादी, सुलझे हुए राजनीतिज्ञ, निडर पत्रकार, परोपकारी, सेवाव्रतधारक, युवा-पीढी के मार्गदर्शक और देश के प्रमुख नेता श्री आर. के. मलकाणीजी के अचानक स्वर्गवासने, पूरे भारत देशको व सिंधी समाज को एक गहरा सदमा पहुँचाया है। सबपर दुःख की गहरी छाया दिखायी देती है।

श्री मलकाणीजी निडर पत्रकार थे। वे 'आर्गेनाइज़र व मदरलॅन्ड' पत्रिकाओं के संपादक रह चुके थे। वे अपने ऊँचे प्रगतिशील विचार विभिन्न मंचों के माध्यम से जन-समुदाय के समक्ष रख चुके हैं। उन्होंने देश की राजनैतिक व सामाजिक समस्याओं को भी सुलझाया है तथा उनका विश्लेषण भी किया है। कितनी ही विश्व-व्यापी समस्याओं को उन्होंने अपने स्वस्थ दृष्टिकोण से परखा है तथा उनका हल भी बताया है। उनके राजनैतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक व सभ्यता संबंधित विचारों ने कितनी ही पाक्षिक पत्रिकाओं तथा मासिक पत्रिकाओं को शोभा दी है। उनके विचार सामान्य भारतवासियों ने भी स्वीकारे हैं। वे जनप्रिय लेखक तो बने ही, किंतु विद्वानों ने भी उनके विचारों के प्रति अपना आकर्षण प्रकट किया है। स्व. श्री मलकाणीजी अनुशासन प्रिय थे। उन्होंने अपने जीवन को भी अनुशासित किया था तथा वे औरों में भी अनुशासन चाहते थे। उनके मार्गदर्शन में सिंधी अकॅडेमी दिल्ली तथा राष्ट्रीय सिंधी बोली विकास-परिषद, बड़ौदा ने सिंधी साहित्य, भाषा तथा कलाके विकास के लिए बेहतरीन कार्य अमल में लाकर दिखाए। इन कार्यों से सिंधी समुदाय को बहुत प्रसिद्धि मिली।

राज्य-सभा के सदस्य के रुप में उन्होंने बेहतरीन सेवाएँ देशार्पण की हैं। वे पाण्डेचरी राज्य के लेफ्टीनट गवर्नर के पद पर भी पदासीन हुए तथा सिंधी समुदाय तथा भारत देश का गर्व ऊँचा रखा। उन्होंने 'दि सिंध-स्टोरी' पुस्तक लिखकर सिंधियों को, गैर-सिंधी भारतवासियों तथा विश्व-समुदाय को सिंध के इतिहास की अधिकृत जानकारी दी है।

देशभक्त स्वर्गीय श्री मलकाणीजी की सेवाएँ अनेक है। उनकी सेवाओं को तथा उन्हें हम भुला नहीं सकते। ऐसे ज्ञानी, त्याग-मूर्ति, सिंधी प्रेमी, स्वर्गीय श्री के. आर. मलकाणी के प्रति राष्ट्रीय सिंधी बोली विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर जोशी, उपाध्याक्ष श्री. झमटमल वाधवाणी, परिषद के अन्य सदस्य तथा कार्यालयीन कर्मचारी अपनी भावनाओं से भीगी-भीनी, हार्दिक श्रध्दांजली अर्पित करते हैं, तथा उनके परिवार के साथ अपना भी दुःख प्रकट करते हैं।

ॐ शांति ..... ॐ शांति ..... ॐ शांति .....

- डॉक्टर जेठो लालवाणी

स्वर्गीय श्री मलकाणीजी की याद में

जब चल बसे दिलबर हशूजी
गोया सतयुग चला गया
मनीषी श्री मलकाणीजी चल बसे,
गोया त्रेता-युगीन रामजी चला गया
तीन जिस्म एक जान थे वे
एक दूसरे की पहचान थे वे
हिन्दुत्व का प्रसार व सिंधियत का आवाज़
दुनिया में किया बुलन्द तीनों ने लाजवाब
आज भी सुनायी देती है उनकी आवाज़
झमटमलजी आना पूरे कर सब काम काज

राधाकृष्ण भागिया

KEWALRAM RATTANMAL MALKANI

BIRTH

Hyderabad Sindh, November 19, 1921

EDUCATION

M.A. in Economics & Politics,
Bombay University (D.G. National College,
Hyderabad Sindh, Fergusson College, Pune,
School of Economics & Sociology, Bombay)
joined RSS 1941

Lecturer, D.G. National College 1945-47,
Sub-Editor, Hindustan Times 1948,
Editor, The Organiser Weekly 1948-1983
Editor, The Motherland Daily 1971-75
MISA Detenu, June 1975-March 1977

Nieman Fellow, Harvard University 1961-62,
General Secretary, Editors Guild
of India 1978-79,
Member, Press Delegation to China 1978
Vice-Chairman Deendayal
Research Institute,Delhi 1983-91
Vice President BJP, 1991-94
Member, Rajya Sabha 1994-2000

PUBLICATIONS

"The MidnightKnock" (1977)
"The RSS Story" (1980)
"The Sindh Story" (1984)
" Ayodhya and Hindu-Muslim Relations" (1993)